केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय)
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN (HQ)
शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय
An Autonomous Body Under Ministry of Education, Govt. of India
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली - 110016
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi – 110016
दूरभाष/Telephone : 011-26524580
वेबसाईट/*Website : www.kvsangathan.nic.in*
ई-मेल / Email : kvshindisection@gmail.com

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

फा.सं.11025/19(1)/2023/केविसं(मु.)/हिं/ 13581-13617 — दिनांक :24 सितंबर. 2026

**ई -मेल द्वारा**

**उपायुक्त** **एवं** **निदेशक**

केंद्रीय विद्यालय संगठन,
समस्त क्षेत्रीय कार्यालय ।

केंद्रीय विद्यालय संगठन,
शिक्षा एवं प्रशिक्षण के आंचलिक संस्थान।

**विषय- "हिंदी माह-2026" के अवसर पर महानियंत्रक बौद्धिक संपदा कार्यालय द्वारा स्कूली छात्रों/छात्राओं के लिए अटल बाल हिंदी कविता प्रतियोगिता व अटल बाल हिंदी कवि सम्मेलन के संदर्भ में ।**

महोदया / महोदय,

उपर्युक्त विषय पर प्रोफेसर, बौद्धिक संपदा भवन कार्यालय के महानियंत्रक एकस्व,अभिकल्प और व्यापार चिह्न के दिनांकः 14,सितंबर. 2026 के पत्र सं. सीजीपीडीटीएम.17026/118/2026-पीओडी/4651 की प्रति, सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है । कृपया अपने कार्यालयों / अधीनस्थ विद्यालयों में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं पत्र में उल्लिखित निर्देशों पर अनुपालन सुनिश्चित करें ।

भवदीया

संलग्नकः यथोपरि ।

24/09/2026

(नीलम)
संयुक्त आयुक्त(प्रशासन)

प्रतिलिपिः-

1. आयुक्त, केविसं(मु.), नई दिल्ली के निजी सचिव को सूचनार्थ ।
2. अपर आयुक्त(प्रशासन), केविसं(मु.), नई दिल्ली के निजी सचिव को सूचनार्थ ।
3. अपर आयुक्त(शैक्षिक), केविसं(मु.), नई दिल्ली के निजी सचिव को सूचनार्थ ।
4. सहायक आयुक्त(आईटी) को केविसं(मु.) की वेबसाइटपर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।
5. विदेश स्थित समस्त केंद्रीय विद्यालयों (मास्को, तेहरान तथा काठमांडू) को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
6. गार्ड फाइल ।

के.वि.स. सं.आ. (प्रशा)
KVS Jt. Com. (Admn.)
23 SEP 2026
डायरी सं./Dy. No. 1044

बौद्धिक संपदा
भारत
एकस्व / अभिकल्प / व्यापारचिह्न
भौगोलिकउपदर्शन /
कॉपीराइटआरजीएनआईआईपीएम

INTELLECTUAL PROPERTY
INDIA
Patents / Designs / Trade Marks
Geographical Indications / Copyright
RGNIIPM

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
**कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प और व्यापार चिह्न**
**Office of The Controller General**
**Patents, Designs & Trade Marks**
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
Ministry of Commerce & Industry
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
Department for Promotion of Industry and Internal Trade

बौद्धिक संपदा भवन
BOUDDHIK SAMPADA BHAWAN
प्लॉट न. 32/ Plot No. 32
सैक्टर 14/ Sector 14
द्वारका/ Dwarka भारत / India
**दूरभाष / Tel:** +911125300205
**ई-मेल / E-Mail** : cgoffice.in@gov.in
**वेबसाइट / Website:** www.ipindia.gov.in

---

सं. सीजीपीडीटीएम-17026/118/2026-पीओडी /4649 दिनांक: 14.09.2026

सेवा में,
श्री विकास गुप्ता
आयुक्त,
केंद्रीय विद्यालय संगठन 18,सांस्थानिक क्षेत्र शहीद जीत सिंह मार्ग,
नई दिल्ली – 110016

आयुक्त, के.वि.सं.
No.
21 SEP 2026
213970/C
Commissioner, K.V.S.

के.वि.स. सं.आ. (प्रशा)
KVS Jt. Com. (Admn.)
23 SEP 2026
डायरी सं./Dy. No. 1044

**विषय: हिन्दी पखवाड़े के अवसर पर महानियंत्रक बौद्धिक संपदा कार्यालय द्वारा स्कूली छात्रों/छात्राओं के लिए अटल बाल हिंदी कविता प्रतियोगिता व अटल बाल हिंदी कवि सम्मेलन**

महोदय,

उपरोक्त विषय और संलग्न पोस्टर के संबंध में आपको यह सूचित करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि गत वर्ष महानियंत्रक बौद्धिक सम्पदा कार्यालय द्वारा आयोजित मौलिक कविता प्रतियोगिता में देश भर से छात्रों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया जिसके फलस्वरूप 675 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं। छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस के अवसर पर अटल बाल हिन्दी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्रेष्ठ 100 रचनाओं के संग्रह (अटल बाल हिन्दी कविता संग्रह, 2025) का विमोचन माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल जी के करकमलों द्वारा विमोचन किया गया।

गत वर्ष की सफलता को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी हिन्दी पखवाड़े के अवसर पर स्कूली छात्रों/छात्राओं को हिन्दी भाषा और साहित्य के प्रति अपनी अभिरुचि तथा भावनाओं को साझा करने का अवसर प्रदान करने के लिए महानियंत्रक बौद्धिक संपदा कार्यालय अटल बाल हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है।

प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु छात्रों द्वारा अपना पंजीकरण (निःशुल्क) महानियंत्रक कार्यालय की वैबसाइट https://ipindia.gov.in/ पर दिये गए लिंक https://online.ipindia.gov.in/balpoetry/ से

के.वि.स. अपर आयुक्त (प्रशा)
KVS Addl. Com. (Admn.)
22 SEP 2026
डायरी सं./Dy. No.

करना आवश्यक है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 28 सितंबर, 2026 है। विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। श्रेष्ठ कृतियों के रचयिताओं के लिए दिनांक 24 दिसंबर, 2026 को अटल बाल हिन्दी कवि सम्मेलन 2026 का आयोजन किया जाएगा।

अनुरोध है कि देश के भविष्य निर्माताओं की सृजनात्मकता, रचनात्मकता व साहित्यिक कृतियों को प्रोत्साहित करने के लिए संलग्न पोस्टर को स्कूल के सूचना पट्ट (नोटिस बोर्ड) पर लगाएं व छात्रों/छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

**प्रो.(डॉ.) उन्नत पी. पंडित**
**महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न,**
**पंजीकार प्रतिलिप्याधिकार, भौगोलिक उपदर्शन एवं अ.ए.प. अभिन्यास डिजाइन**

बौद्धिक संपदा भारत
Intellectual Property INDIA

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| भारत सरकार | Government of India |
| वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय | Ministry of Commerce & Industry |
| उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग | Department for Promotion of Industry and Internal Trade |
| कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न | Office of the Controller General of Patents, Designs & Trade Marks |

हिन्दी पखवाड़ा 2026

# कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न द्वारा

## हिन्दी पखवाड़ा 2026 के अवसर पर



# अटल बाल हिन्दी कविता

## प्रतियोगिता - 2026

अपनी कविता से भारत के भविष्य को स्वर दें

श्रेष्ठ कृतियों के रचयिताओं के लिए दिनांक 24 दिसंबर 2026 को

## "अटल बाल हिन्दी कवि सम्मेलन"



### मुख्य नियम

- कविता प्रतिभागी की मौलिक रचना होनी चाहिए।
- कविता AI (आर्टफिशल इन्टेलिजन्स ) जनित या AI के प्रभाव से मुक्त होनी चाहिए।
- ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही पंजीकरण एवं प्रविष्टि स्वीकार की जाएगी।
- प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक ही प्रविष्टि कर सकता है।
- मूल्यांकन पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रक्रिया के अंतर्गत विशेषज्ञ समिति द्वारा किया जाएगा।

### उद्देश्य

- सभी आयु वर्गों के लिए समान एवं निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का अवसर प्रदान करना।
- भारतीय भाषाओं एवं सांस्कृतिक विविधता को प्रोत्साहित करना।

### प्रतियोगिता की श्रेणियाँ

| श्रेणी | कक्षा |
|---|---|
| श्रेणी - 1 (प्राथमिक) | कक्षा 1 से 5 तक |
| श्रेणी - 11 (मध्य) | कक्षा 6 से 8 तक |
| श्रेणी - 111 (माध्यमिक / उच्च माध्यमिक) | कक्षा 9 से 12 तक |

### (क) प्रथम चरण : जोनल राउन्ड

- ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण एवं प्रविष्टियां आमंत्रित की जाएगी।
- प्राप्त प्रविष्टियों का संबंधित ज़ोन के विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा।

परिणाम : प्रत्येक जोन से शीर्ष 25 प्रतिभागियों का चयन सेमी-फाइनल हेतु किया जाएगा।

→

### (ख) द्वितीय चरण : सेमी - फाइनल राउन्ड

- सभी जोन से चयनित प्रतिभागियों का विस्तृत एवं मानकीकृत मूल्यांकन किया जाएगा।

परिणाम :

- शीर्ष 100 प्रतिभागियों का चयन।
- तत्पश्चात शीर्ष 25 राष्ट्रीय प्रतिभागी घोषित किए जाएंगे।

→

### (ग) तृतीय चरण : फाइनल

- अंतिम मूल्यांकन

परिणाम :

- विजेताओं का चयन।
- प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय विजेता का चयन व पुरस्कार वितरण समारोह।

| 14 सितम्बर - 28 सितम्बर 2026 | 05 अक्टूबर - 20 अक्टूबर 2026 | 25 अक्टूबर - 30 अक्टूबर 2026 | 01 नवंबर - 15 नवंबर 2026 | 20 नवंबर - 25 नवंबर 2026 | 24 दिसम्बर 2026 |
|---|---|---|---|---|---|
| पोर्टल प्रारंभ<br>ऑनलाइन पंजीकरण एवं प्रविष्टियों का आमंत्रण | जोनल मूल्यांकन<br>जोनवार प्रविष्टियों का मूल्यांकन | जोनल परिणाम<br>प्रत्येक ज़ोन से शीर्ष 25 प्रतिभागियों की घोषणा | सेमी - फाइनल मूल्यांकन<br>शीर्ष 100 एवं तत्पश्चात शीर्ष 25 प्रतिभागियों का चयन | सेमी - फाइनल परिणाम<br>विजेताओं की घोषणा | अंतिम परिणाम<br>पुरस्कार वितरण समारोह एवं अटल बाल कवि सम्मेलन 2026 |

### पुरस्कार एव सम्मान

(क) पुरस्कार (प्रत्येक श्रेणी हेतु)

- प्रथम पुरस्कार
- द्वितीय पुरस्कार
- तृतीय पुरस्कार

(ख) सांत्वना पुरस्कार

प्रत्येक श्रेणी में दो सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

ऑनलाइन पंजीकरण करें → कविता अपलोड करें → आवश्यक विवरण भरें → सबमिट करें → आवेदन की प्रति विद्यालय सत्यापित कर डाक से भिजवाएं।

अधिक जानकारी एवं पंजीकरण के लिए QR Code स्कैन करें